लोक सभा अध्यक्ष ने पद्म पुरस्कार विजेताओं से की बातचीत

दिल्ली, 27 जनवरी 2023: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन परिसर में संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा आयोजित "संसद के सदस्यों के लाभ के लिए पद्म पुरस्कार विजेताओं द्वारा प्रस्तुतियां" कार्यक्रम में भाग ले रहे पद्म पुरस्कार विजेताओं के साथ बातचीत की।

इस कार्यक्रम के तहत लोकसभा अध्यक्ष ने संसद सदस्यों के लिए एक मंच प्रदान करने की पहल की है। इसके अंतर्गत देश के विभिन्न राज्यों से सामाजिक और विकास संबंधी कार्य संबंधी सर्वोत्तम प्रथाओं को उन प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा साझा किया जाता है जिन्हें उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

प्रस्तुति का उद्देश्य संसद सदस्यों को देश भर में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध सर्वोत्तम प्रथाओं से अवगत कराना है। इसके पीछे यह मंशा है कि यदि उपयुक्त हो तो संसद सदस्य अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास कार्यों के लिए उसी मॉडल को अपना सकता है। पद्म पुरस्कार विजेता संसद सदस्यों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों में इस तरह की पहल करने में अपना मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। पद्म पुरस्कार विजेताओं द्वारा कृषि, पशुपालन और बायोगैस, कृषि-जैव विविधता संरक्षण से लेकर दिव्यांगों के पुनर्वास, स्वच्छ भारत मिशन और माइक्रो-फाइनेंस और स्वयं सहायता समूह जैसे विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतियां दी जाती हैं।

यह मंच पद्म पुरस्कार से सम्मानित प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ताओं को विशेषज्ञता के अपने संबंधित क्षेत्रों में अपने अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान करता है जिसे बाद में पूरे देश में अपनाया जा सकता है। साथ ही यह मंच संसद सदस्यों के लिए उनके संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में उनके विकास कार्यों को बढ़ाने के लिए मूल्यवान है जहां वे अपने निर्वाचन क्षेत्रों के कल्याण के लिए देश की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपना सकते हैं।